गुरुवार
19 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





बिहार में अप्रैल तक लागू होगा कृषि रोड मैप: मुख्यमंत्री 3




# शुभमन गिल ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र में जमाया दोहरा शतक



**भारत बनाम न्यूजीलैंड**
**पहला वन डे मैच**

**200** रनों की पारी भारत के लिए सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और ईशान किशन ने खेले हैं

**19** पारियों में शुभमन ने पूरे किए 1000 रन, भारत के लिए सबसे कम पारियों में बनाए हजार रन

**23** साल 132 दिन में शुभमन ने 200 रन बनाए, इशान ने 24 साल 145 दिन की उम्र में बनाए थे 200 रन

**18** पारियों में पाकिस्तान के फखर जमां और इमाम उल हक के नाम है 1000 रनों का विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी/हैदराबाद**

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में शुभमन गिल ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे गिल ने 149 गेंदों पर 208 रन ठोक दिये। गिल 48वें ओवर के बाद 182 रन बनाकर नाबाद रहे। 49वें ओवर की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर गिल ने अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। इस पारी के दौरान गिल ने 19 चौके और 9 छक्के लगाए। मैच में गिल ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए और तोड़े। शुभमन वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले 5वें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और ईशान किशन भारत के लिए वनडे में 200 रनों की पारी खेल चुके हैं। शुभमन गिल वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। ईशान ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ 24 साल और 145 दिन की उम्र में दोहरा शतक लगाया था। गिल ने 23 साल और 132 दिन में 200 रन बना दिये।

शुभमन गिल ने 19 वनडे पारियों में अपना तीसरा वनडे शतक लगाया। भारतीय बल्लेबाजों में सिर्फ शिखर धवन ने ही उनसे कम पारियों (17) में 3 वनडे शतक लगाए हैं। इस पारी के दौरान शुभमन गिल ने वनडे क्रिकेट में अपने 1000 रन पूरे कर लिये हैं। 106 रन बनाने के साथ ही 19 पारियों में गिल ने वनडे में एक हजार रन का आंकड़ा छूआ। वह वनडे में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले भारतीय भी बन गए हैं। कोहली और धवन ने 24-24 पारियों में हजार रन पूरे किये थे।

**पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव का ऐलान**

# त्रिपुरा में 16, नगालैंड व मेघालय में 27 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

- तीनों राज्य में 2 मार्च को मतगणना होगी
- तीनों राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है

चुनाव आयोग ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि तीनों राज्यों में दो चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। त्रिपुरा में 16 फरवरी को वोट डाले जाएंगे, जबकि मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को चुनाव होंगे। तीनों राज्य में 2 मार्च को मतगणना होगी।

चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही तीनों राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। नगालैंड में विधानसभा का कार्यकाल 12 मार्च, मेघालय में 15 मार्च और त्रिपुरा विधानसभा का कार्यकाल 22 मार्च को पूरा हो रहा है। त्रिपुरा में जहां बीजेपी की सरकार है। वहीं मेघालय और नगालैंड में बीजेपी गठबंधन सरकार का हिस्सा है।

त्रिपुरा चुनाव के लिए अधिसूचना 21 जनवरी को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। 2 फरवरी तक नाम वापस लिया जा सकेगा। मेघालय और नगालैंड में 31 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी। दोनों राज्यों में नामांकन की आखिरी तारीख 7 फरवरी है। मेघालय और नगालैंड में नाम वापसी की आखिरी तारीख 10 फरवरी है।

## खबरें फटाफट

### सुधाकर सिंह को राजद का नोटिस

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार आपत्तीजनक बयानबाजी करने को लेकर विधायक सुधाकर सिंह के खिलाफ आखिरकार राजद ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दूल बारी सिद्दीक ने सुधाकर सिंह को नोटिस जारी किया है। जिसमें उनसे 15 दिनों की अवधि में अपनी स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। सुधाकर सिंह को भेजे गए नोटिस में अब्दूल बारी सिद्दीकी ने बताया है कि यह नोटिस राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश पर जारी किया गया है। उनके संज्ञान में आया है कि एक बार पुन: आपने गठबंधन धर्म की मर्यादा का उल्लंघन किया है।

### देश में नफरत व हिंसा का माहौल : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बीजेपी और मोदी सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा, देश में नफरत और हिंसा का माहौल है। नफरत फैल रही है, डर फैल रहा है। कहा, कि एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरे भाषा से लड़ाया जा रहा है। भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, इससे देश को फायदा नहीं हो रहा है। राहुल ने मोदी सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जनता के मुद्दे जब भी हम पार्लियामेंट में उठाने की कोशिश करते हैं, हमे बोलने नहीं दिया जाता। हमारे माइक बंद कर दिए जाते हैं।

**समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीविका दीदियों से किया संवाद**

# विकास के लिए बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा : नीतीश

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक बार फिर से केंद्र सरकार से बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग की। समाधान यात्रा के दौरान बक्सर में उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो इसका काफी विकास हो जाता। अभी कई काम बिहार सरकार को खुद करनी पड़ती है। अगर विशेष राज्य को दर्जा मिल जाता तो बिहार इतना विकसित हो जाता जिसकी कल्पना आप नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने के बावजदू हमलोग बिहार का विकास कर रहे हैं। पहले कई पिछड़े राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया वैसे ही अभी भी देनी चाहिए। सभी पिछड़े राज्य विकसित हो जायेंगे तो देश विकसित हो जायेगा। विकसित राज्य से आनेवाले लोग दूसरे राज्य की बात को समझ ही नहीं रहे हैं। वे जहां से आये हैं वह राज्य शुरू से ही विकसित था। दरअसल, सीएम नीतीश लम्बे अरसे से बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जा की मांग करते रहे हैं। बावजूद इसके केंद्र की मोदी सरकर ने वर्षों से नीतीश की इस मांग पर गंभीरता नहीं दिखाई है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर जिले की जीविका दीदियों के साथ संवाद किया। एमपी हाई स्कूल के विश्वामित्र हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में मुझे काम करने का मौका मिला। हमने अनेक जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के कामों को देखा और उनसे बातचीत की। हम स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ाकर 10 लाख करना चाहते थे। उसी समय हमने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला का नामकरण जीविका दीदी किया। हमारा उद्देश्य है कि सभी जगह घूमकर देखें, जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसका लाभ लोगों को कितना मिल रहा है और क्या किये जाने की जरूरत है।

लड़कियों लड़कों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिये कई काम किये गये हैं। लड़कियों को सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को पढ़ायें। हमें पूरा भरोसा है कि आपके प्रयास और मेहनत से समाज में सुधार होगा, बच्चे शिक्षित होंगे। हमलोग आपलोगों को बढ़ाना चाहते हैं। बिहार की महिलाओं को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम जीविका दीदियों की आमदनी को और बढ़ाना चाहते हैं। आपलोग अच्छे ढंग से काम करें। आपलोगों को आगे बढ़ाने के लिए हमसे जो भी संभव होगा हम करेंगे।

### जीविका समूह से एक करोड़ 30 लाख महिलाएं जुड़ीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वर्ष 2006 में जीविका समूह का गठन किया। उस समय केंद्र सरकार के मंत्री ने आकर जीविका समूह के कामों को देखा और पूरे देश में इसका नामकरण 'आजीविका' किया। उन्होंने कहा कि जीविका समूह से एक करोड़ 30 लाख से ज्यादा महिलायें जुड़ गई हैं। 10 लाख से अधिक जीविका समूहों का गठन हो गया है। हम इसकी संख्या और बढ़ाने चाहते हैं। हम जगह जाकर जीविका दीदियों के काम को देखते हैं, उनकी बात सुनते हैं। दीदियों की आमदनी बढ़ाने के लिये, उनका और अधिक विकास करने के लिये हर प्रकार से काम किया जा रहा है। पहले महिलाओं के पास बहुत कम काम था। हम महिलाओं के उत्थान के लिये शुरू से ही काम कर रहे हैं। पंचायत चुनाव में बड़ी तादाद में महिलायें जीती हैं। अब महिलायें बेहतर तरीके से अपनी बातें रख रही हैं और परिवार को भी आगे बढ़ा रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। अब तक चार चुनाव हो चुके इसमें बड़ी तादाद में महिलायें निर्वाचित होकर जनता का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

# इस दिलेरी को सलाम... हाजीपुर में जाबांज महिला सिपाहियों ने बैंक को लूटने से बचाया

**केटी न्यूज/पटना**

हाजीपुर में दो जाबांज महिला सिपाहियों ने बैंक को लूटने से बचा लिया और लूटेरों को खदेड़ दिया। जानकारी के अनुसार तीन की संख्या में अपराधी बैंक के अंदर दाखिल हुए और मौके पर तैनात महिला सिपाही पर पिस्टल तान दी और बैंक लूटने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान महिला सिपाही ने अपना हथियार अपराधियों पर तान दिया। इस बीच अपराधियों ने सिपाही से हथियार छीनने की कोशिश की, जिसमें महिला सिपाही को चोट भी लगी। हालांकि इसके बावजूद महिला सिपाही दिलेरी से लूट को नाकामयाब बनाने में जुटी रही। आखिरकार लुटेरों को वहां से भागना पड़ा। बैंक में तैनात दो महिला सिपाही जूही और शांति ने बैंक लूटने से बचा लिया।

घटना सदर थाना क्षेत्र के सेन्दुआरी चौक स्थित ग्रामीण बैंक की है। जहां तीन की संख्या में आए अपराधी चेहरे पर मास्क लगाये हुए बैंक के अंदर दाखिल हो रहे थे। तभी महिला सिपाही के द्वारा पूछताछ की गई, जिस पर अपराधियों ने महिला सिपाही पर पिस्टल तान दी। उसके बाद महिला सिपाही ने भी अपराधियों पर अपनी राइफल तान दी। इस बीच सिपाही और अपराधियों के बीच झड़प होने लगी, जिसे देख स्थानीय लोग वहां जुटने लगे। यह देख अपराधी वहां से भाग निकले। हालांकि महिला सिपाही को हल्की चोट आई है। पुलिस के वरीय अधिकारी भी पहुंच कर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं।






**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में आयोजित सासंद खेल महाकुंभ का किया उद्घाटन**

# खेल महाकुंभ से नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण का हो रहा काम : मोदी

**एजेंसी/बस्ती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में आयोजित सासंद खेल महाकुंभ 2022-23 का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बस्ती महर्षि वशिष्ठ की पावन धरती है। श्रम और साधना, तप और त्याग की धरती है। एक खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी एक साधना और तपस्या है जिसमें वो अपने आप को तपाता है।



पीएम ने कहा कि मैं काशी से सांसद हूं। वहां भी इस तरह के खेल आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है। कई जगहों पर इस तरह के खेल महाकुंभ का आयोजन कर नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण का काम हो रहा है। खिलाड़ियों को नई उड़ान का अवसर मिल रहा है।

### 2500 एथलीटों को हर महीने मिल रहे 50 हजार रुपए

पीएम ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत सरकार खिलाड़ियों को आर्थिक मदद दे रही है। 2500 से अधिक एथलीटों को खेलो इंडिया अभियान के तहत हर महीने 50,000 रुपए से अधिक दिए जा रहे हैं। ओलंपिक में जाने वाले करीब 500 खिलाड़ियों को TOPS से मदद मिल रही है। कहा कि मुझे बताया गया है कि भारत के करीब-करीब 200 सांसदों ने अपने यहां इसी तरह खेल स्पर्धा आयोजित की है जिसमें हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया है। सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण सेंटर पर आगे के प्रशिक्षण के लिए चुना जा रहा है।

**बड़ी संख्या में बेटियां ले रही भाग:** मोदी ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ की एक और विशेषता है कि इसमें हमारी बेटियां बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं। मुझे विश्वास है कि बस्ती, पूर्वांचल, यूपी और देश की बेटियां इसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना दम दिखाएंगी।

## खबरें फटाफट

### मोटरयान निरीक्षक राकेश रंजन सस्पेंड

**सासाराम।** जिले के मोटरयान निरीक्षक राकेश रंजन को विभाग द्वारा बुधवार को निलंबित कर दिया गया। राकेश रंजन मोटरयान निरीक्षक भोजपुर के भी प्रभार में थे। राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा जारी आदेश इन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राकेश रंजन पर गंभीर प्रकृति के आरोप प्रतिवेदित हैं। इन आरोप पर इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित किया जाना है। पद पर रहते हुए राकेश रंजन विभागीय कार्यवाही को प्रभावित कर सकते हैं। इस कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग ने निलंबन अवधि में राकेश रंजन का मुख्यालय जिला परिहन कार्यालय, किशनगंज निर्धारित किया है। राज्य परिवहन आयुक्ज के जारी आदेश में कहा गया है कि राकेश रंजन के खिलाफ प्रतिवेदित आरोपों की बृहत जांच हेतु विभागीय कार्यवाही का आदेश अलग से निकाला जाएगा।

### कर्जदाताओं से परेशान युवक ने दी जान


**सासाराम।** जिला मुख्यालय सासाराम के करन सराय मुहल्ले में बुधवार को एक युवक ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। मृतक करन सराय के बबलू चंद्रवंशी का बेटा प्रकाश कुमार 24 साल बताया जाता है। प्रकाश कर्जदाताओं की धमकी से परेशान थे, इसी कारण उसने आत्महत्या की है। वह गया में बैंक में नौकरी करता था, लेकिन दिवाली में जब घर आया तो वापस काम पर नहीं लौटा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच कर रही है। बताते हैं कि मृतक ने सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सबसे पहले उसकी मौसी ने देखा, फिर घर वालों को जानकारी दी। बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर मुहल्ले के लोग भी जुटे और पुलिस को सूचना दी।

# कालाजार व फाइलेरिया उन्मूलन में ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका होगी तय

- वेक्टर जनित रोगों को लेकर जिले के ग्रामीणों चिकित्सकों को किया जायेगा प्रशिक्षित
- बीमारियों की पहचान, इलाज व बचाव की दी जाएगी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। लेकिन, वेक्टर जनित रोगों के खात्मे के लिए सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं बल्कि आम लोगों को भी आगे आना होगा। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत अब ग्रामीण चिकित्सकों को वेक्टर जनित रोगों को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर ग्रामीण चिकित्सकों का उन्मुखीकरण किया जाएगा। ताकि, ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार और फाइलेरिया से संबंधित जानकारी हो और वो कालाजार मरीज को चिह्नित करते हुए सरकारी अस्पताल पहुंचाने का काम करें। साथ ही, उन्हें इन बीमारियों की पहचान, इलाज व बचाव की जानकारी दी जाएगी। उन्हें योजना के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के संबंध में भी बताया जाएगा। ताकि, वो भी इन योजनाओं का लाभ उठ सकें।



**इन लोगों को मिलती है राशि :** कालाजार के डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया, सरकार मरीजों के साथ साथ उत्प्रेरक व सूचक को भी प्रोत्साहन राशि देती है। कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपए श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। वहीं, प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने, पीएचसी तक लाने तथा मरीज का ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपए और आशा के लिए 100 रुपए की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपए भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है। साथ ही, ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा पीएचसी भेजे गए मरीजों में यदि कालाजार बुखार की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उन्हें भी 500 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### बालू मक्खी काटने से फैलता है कालाजार

डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि कालाजार के इलाज में सबसे जरूरी है, बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान। जिसके बाद उसकी जांच और इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाती है। ऐसे में सबसे जरूरी बात है कालाजार के कारणों का पता होना। उन्होंने बताया कि कालाजार लिशमेनिया डोनी नामक रोगाणु के कारण होता है। जो बालू मक्खी काटने से फैलता है। साथ ही यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है। बालू मक्खी जमीन से 6 फुट की ऊंचाई तक ही फुदक सकती है। यह मक्खी नमी व अंधेरे वाले स्थान पर ज्यादा फैलती है। जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर वाले स्थानों पर रहती है।

**लक्षण दिखने पर जांच कराना आवश्यक :** किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नहीं लगना, रोगी में खून की कमी, रोगी का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है। यदि किसी व्यक्ति में उपयुक्त लक्षण पाएं, तो उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच के लिए भेजें। पीएचसी में कालाजार की जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

## ठेला लगाने जाने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने दो भाइयों को कुचला

# दु:खद हादसा: बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार सगे भाइयों को रौंदा, एक की मौत

- बड़हरा थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर पुल के समीप हुआ हादसा
- जख्मी किशोर का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर पुल के समीप बुधवार की दोपहर बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार सगे भाइयों को रौंद दिया। उसमें एक भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर कर्जा गांव निवासी शिवजी यादव का 15 वर्षीय पुत्र संतोष यादव यादव था।

जख्मी उसका छोटा भाई 14 वर्षीय भाई छोटू यादव है। वहीं हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला। इधर, किशोर के पिता शिवजी यादव ने बताया कि दोनों भाई बड़का लौहर बाजार में ठेले पर बर्गर और चाउमिन बेचते हैं। दोनों भाई बुधवार की शाम दुकान खोलने के लिए बाइक से बड़का लौहर आ रहे थे। उसी दौरान बिराहिमपुर पुल के समीप एक तेज रफ्तार रही पिकअप ने दोनों को कुचल दिया। उसमें संतोष यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर पीछे बैठा छोटू यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने संतोष यादव को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं छोटू यादव का इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।


अस्पताल में इलाजरत जख्मी किशोर

### चार भाई-बहन में मांझिल था किशोर



तेज रफ्तार के कहर ने एक बार फिर एक घर की खुशियां छीन ली। बेलगाम पिकअप की चपेट में आने से किशोर की मौत से घर में रोना-धोना मचा है। एक बेटे की मौत और दूसरे के जख्मी होने से परिवार पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों भाई घर के कमाउ सदस्य थे। बताया जा रहा है कि मृत किशोर अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके के परिवार में मां राजकुमारी देवी,भाई शिवानंद यादव, छोटू यादव और बहन निशा कुमारी है। घटना के बाद मां राजकुमारी देवी, पिता, भाई और बहन सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के बनकट गांव के पोल्ट्री फार्म के समीप हरिगांव-गड़हनी रोड में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार पति-पत्नी और पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उनकी पत्नी और पुत्र गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा भेजा। घायल मां- बेटे को इलाज के लिए सदर अस्पताल आरा ले जाया गया। मृतक का नाम नवल किशोर चौधरी (60 वर्ष) था। वह बराप पंचायत अंतर्गत मदुरी गांव के वार्ड संख्या-एक निवासी थे। जबकि घायल उनकी पत्नी जीतन देवी और बाइक चला रहा पुत्र धरीक्षण चौधरी है। आयर थाने की पुलिस ने मृतक का शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। सुबह बाइक से पति-पत्नर अपने बेटे के साथ दवा लेने के लिए पटना जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## एक नजर

### बेहतर शिक्षक ही अच्छा नेता बना सकते हैं



**राजपुर।** प्रखंड के देवढ़ीया पंचायत अंतर्गत गजरही गांव में बुधवार को दिवंगत शिक्षक उदयनारायण मिश्र की स्मृति में पौधारोपण किया गया। इससे पूर्व जिले भर से जुटे शिक्षक, नेता, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए समाज में शिक्षा का अलख जगाने का संकल्प लिया। इस सभा की अध्यक्षता शिक्षक नेता रामावतार पाण्डेय संचालन धनंजय मिश्र ने की। रामावतार पांडेय ने कहा कि बेहतर शिक्षक ही अच्छा नेता बना सकते हैं। आज समय के साथ इन्हीं के तरह शिक्षण कार्य करते हुए बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। जिस तरह से इन्होंने समाज को आईना दिखाने का काम किया। हमें आज भी उनका स्मरण करना चाहिए। सिद्धनाथ मिश्रा ने कहा स्मृतियों को संजोए रखने के लिए हमे पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। आशा पर्यावरण एवं सुरक्षा के राज्य संयोजक विपिन कुमार ने कहा कि हमें विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण कर आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ रखने का संदेश देने की जरूरत है. साथ ही हम सभी मिलकर अधिक से अधिक पौधारोपण करें। इस मौके पर इनके सहयोगी शिक्षक रहे सीताराम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण पाठक, शंभूनाथ मिश्र, मुखिया अनिल सिंह के अलावा अन्य लोगों ने इनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को नई दिशा देने की बात कही। अंत में पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गरीब एवं असहाय लोगों को निःशुल्क कंबल वितरण भी किया गया।

### जीएनएम कॉलेज में सीसीए एक्टिविटी में प्रशिक्षुओं ने दिखाया प्रतिभा कौशल



**बक्सर।** नगर के पुराना सदर अस्पताल स्थित जीएनएम कॉलेज में प्रशिक्षुओं के बीच सीसीए एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रशिक्षु छात्राओं ने अपनी प्रतिभा कौशल का जमकर प्रदर्शन किया। सीसीए एक्टिविटी के तहत एक से बढ़कर एक मॉडल को बनाया। जो लोगों के स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रदर्शित कर रहा है। सीसीए एक्टिविटी को लेकर छात्राओं में काफी उत्साह कायम था। सभी छात्राओं ने अपने प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग तरह के मॉडल बनाया। कई प्रतिभागियों ने रंगों के माध्यम से फर्श पर ही आकर्षक कलाकारी की है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य जागृति सिंह ने बताया कि छात्राओं ने सीसीए एक्टिविटी के तहत स्वास्थ्य के प्रति अपनी सोच एवं ज्ञान कौशल का बेहतर प्रदर्शन किया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रशिक्षुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज के प्रशिक्षुओं के साथ सभी फैकल्टी मौजूद रहे।

### टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में रेलवे सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जहानाबाद।** मां कमला चंद्रिका जी टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, नौरू जहानाबाद में बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल जहानाबाद द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल जहानाबाद के इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार यादव ने छात्र छात्राओं को रेलवे सुरक्षा के कानूनों से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हमें रेलवे क्रासिंग पर पटरी पार करते हुए सिग्नल पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर रेलवे फाटक बंद हो तो उसे पार नहीं करना चाहिए। जब भी रेलवे स्टेशन एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना हो तो पैदल पुल का इस्तेमाल करना चाहिए। ट्रेन में सफर करते हुए अनावश्यक रूप से चैन पुलिंग करना अपराध है, ट्रेनों में लटककर यात्रा ना करें, ट्रेन चलने लगी हो तो ट्रेन में बैठने की कोशिश ना करें, अगर सफर के दौरान कोई अनजान व्यक्ति कुछ खाने पीने को दे तो नहीं लेना चाहिए वरना आप जहरखुरानी के शिकार हो सकते हैं, रेलवे स्टेशन या ट्रेन में कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो तुरंत उसकी सूचना स्टेशन मास्टर या रेलवे सुरक्षा बल को देवें, किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु रेलवे हेल्पलाइन 182 पर शिकायत की जा सकती है। जिस पर रेलवे पुलिस द्वारा तत्काल मदद की जाती है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जयकांत कुमार ने आरपीएफ को धन्यवाद देते हुए इस तरह के जागरूकता अभियान को बेहद जरूरी एवं उपयोगी बताया। प्रो. कुमार गौरव , प्रो. अभय कुमार, प्रो. प्रविन्द कुमार, प्रो. निभा कुमारी, प्रो. सुजीत कुमार पाठक, उमेश कुमार, चंदन कुमार, शिव शंकर यादव, मनोज कुमार, राहुल कुमार तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शिक्षक भी उपस्थित थे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर युवक ने किया कुकर्म, जेल

**केटी न्यूज/चौगाई**

मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी गांव के एक 18 युवक ने बहला फुसलाकर घर से लेकर फरार हो गया था। पहले तो लोकलाज के डर से परिजन मामला दर्ज कराने के बदले अपने स्तर से खोजबीन कर रहे थे। लेकिन जब पांच दिनों तक कुछ सुराग नहीं मिला तो परिजन मामले को लेकर मुरार थाना पहुंचे।

मामला दर्ज कर पुलिस ने जब छानबीन शुरू की तो पता चला कि उसके घर नावानगर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के उमेश गिरी का पुत्र राजू गिरी जो पेशे से टैज्क्टर चालक था आता था। वह उक्त किशोरी से अक्सर बातचीत भी करता था। पुलिस ने उसके मोबाईल के लोकेशन के आधार पर दोनों को आरा से बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जहा जेल भेज दिया है वही किशोरी को धारा 164 के बयान के लिए महिला पुलिस के संरक्षण में रखा गया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि किशोरी का मेडिकल जांच भी कराया जाएगा।

# युवा सप्ताह: भाषण प्रतियोगिता में स्वरा ने मारी बाजी

**केटी न्यूज/बक्सर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर इकाई ने स्वामी विवेकानंद की जयंति ( युवा सप्ताह ) के तहत बुधवार को एमवी कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया था। कार्यक्रम का उदघाटन परंपरागत तरीके से परिषद गीत गाकर तथा स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ राजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ राजेश सिन्हा, महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्रो० डॉ अमृता कुमारी, विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष प्रो. डॉ रवि प्रभात, विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य विवेक सिंह, विभाग संयोजक त्रिभुवन पाण्डेय आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ राजेश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन अनुकरणीय है। कृतज्ञ राष्ट्र सदैव स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा दिखाए गए उनके आध्यात्मिक मार्ग पर चल कर राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने हेतु प्रयासरत है।

पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ राजेश सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यह है कि हमारे छात्रों में संवाद कौशल का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि भाषण शैली एक ऐसा संवाद कौशल है जिसके माध्यम से हम एक साथ कई लोगों से संवाद स्थापित करते है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने रचनात्मक कार्यो से छात्रों के प्रतिभा को निखारने का काम करती है। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. डॉ अमृता कुमारी, प्रो. डॉ रवि प्रभात, विवेक सिंह थे। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर आए प्रतिभागियों के नाम की घोषणा विभाग संयोजक त्रिभुवन पाण्डेय ने किया। जिसमें प्रथम स्थान पर स्वरा कुमारी, द्वितीय स्थान पर तान्या कुमारी, तृतीय स्थान पर सुरभि कुमारी को प्राप्त हुआ।


स्वरा को सम्मानित करते अतिथि

## फरवरी माह में एमडीए अभियान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

# जिले में 10 फरवरी से चलाया जाएगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

- सिकरिया, काको, मखदुमपुर, हुलासगंज और रतनी फरीदपुर चलेगा यह अभियान
- सिविल सर्जन तथा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में रहे मौजूद

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिला को फाइलेरिया से मुक्त करने के लिए 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान लगभग दो सप्ताह तक चलेगा। इस अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग आवश्यक तैयारी कर रहा है। इस अभियान में समाज कल्याण, शिक्षा, पंचायती राज, आपूर्ति, शिक्षा, आइसीडीएस और जीविका की भी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। जिला के पांच प्रखंडों में यह अभियान चलेगा. इनमें सिकरिया, काको, मखदुमपुर, हुलासगंज और रतनी फरीदपुर शामिल हैं। इसे लेकर बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों का एक जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ इंद्रजीत प्रसाद, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ब्रज कुमार तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद खालिद हुसैन की मौजूदगी में विभिन्न प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीवीबीडीओ कंसल्टेंट निशिकांत, केयर इंडिया के नीरज सिन्हा तथा फाइलेरिया डीपीओ प्रमोद कुमार सिंह, अन्य चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम तथा वेक्टर बॉर्न डिजीज सुपरवाइजर और यूनिसेफ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**फाइलेरिया से होने वाला हाथीपांव गंभीर रोग:** सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। इस रोग से व्यक्ति की तुरंत मौत नहीं होती इसलिए यह नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल रोग की श्रेणी में आता है। लेकिन यदि फाइलेरिया के कारण किसी व्यक्ति को हाथीपांव हो जाये तो उसे पूरे जीवन इसके साथ रहना होगा। डीईसी और एल्बेंडाजोल का सेवन रोग से बचाव करने में काफी मददगार साबित होते हैं। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि माइक्रो प्लानिंग के अनुसार काम किया जाये। सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी अपनी मौजूदगी में योग्य लाभार्थियों को दवा सेवन कराने का काम करेंगे।आशा की मदद से मोबिलाइजेशन का काम किया जाये। आमजन को इस दवा के सेवन के बारे में बताएं तथा फाइलेरिया की गंभीरता से अवगत कराएं।

### अपनी मौजूदगी में दवा खिलाएंगे सभी स्वास्थ्यकर्मी

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण ने प्रशिक्षण में बताया कि डीईसी और अल्बेंडाजोल का सेवन सभी स्वास्थ्यकर्मी अपनी मौजूदगी में ही करायेंगे, इसका विशेष ध्यान रखना है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गंभीर रूप से पीड़ित लोगों को इस दवा का सेवन नहीं कराना है। साथ ही दवाओं को चबाकर खाना है। इसे खाली पेट नहीं सेवन किया जाना है। उन्होंने बताया कि उम्र के अनुसार दवाओं का सेवन कराया जाना है। जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार निशिकांत ने बताया कि ऐसे लोग जो हाथीपांव शिकार हैं वह अपने प्रभावित अंगों को संक्रमण, जख्म और चोट से जरूर बचायें अन्यथा यह खतरनाक हो सकता है। हाथीपांव के मरीजों को अस्पताल से एमएमडीपी किट दिया जाता है ताकि वे हाथीपांव को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक प्रबंधन कर सकें। हाथीपांव की देखभाल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी जानकारी ली जा सकती है। बताया कि फाइलेरिया के कारण हाइड्रोसील की समस्या होती है। जिसका सर्जरी कराया जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का निदान करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**बक्सर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में बक्सर समाहरणालय, बक्सर में समीक्षात्मक बैठक की। जिलाधिकारी बक्सर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल योजना मेंटेन रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि लोगों को लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत प्राप्त आवेदन का त्वरित निष्पादन हो, इसमें देर नहीं होनी चाहिए उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर कराएं, इसमें विलंब नहीं होनी चाहिए। अल्पसंख्यक छात्रावास योजना के लिए जगह का चयन कर काम को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना का लाभ छात्रों को मिलता रहे, इसका विशेष ध्यान रखें छात्रावास में जीविका दीदियों को खाना बनाने के काम में लगाएं। छात्रावास पूरी तरह मेंटेन रहे, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नियमित रूप से साफ-सफाई का काम होना चाहिए। बक्सर जिलाधिकारी अमन समीर ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

### समाधान यात्रा में केसठ से सैकड़ों लोग हुए शामिल

**केसठ।** बुधवार को समाधान यात्रा पर जिले में पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखने के लिए प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में जदयू कार्यकताओं के साथ अन्य लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। लोग सुबह से ही मोटरसाइकिल, कार आदि वाहनों की मदद से उनके कार्यक्रम स्थल हेनवा, कठार तथा बक्सर के लिए रवाना हुए। कुछ युवाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री को देखने के लिए वर्षों से इच्छा थी जो आज पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखने जाने वालों में उत्साह व्याप्त था।

### समाधान यात्राः सिमरी अंचल के कठार गांव में जैविक विधि से खेती कर रहे किसानों से मिले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बोले

# बिहार में अप्रैल तक लागू होगा कृषि रोड मैप

**केटी न्यूज/बक्सर**





जैविक खेती स्वास्थ के लिए लाभदायक है। सभी फसलों का उत्पादन जैविक विधि से हो तभी हम रोगमुक्त रह सकते हैं। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कही। वह बुधवार को सिमरी अंचल के कठार गांव में स्थानीय किसान बिनोद कुमार सिंह द्वारा जैविक विधि से लगाए गए केले के बगान का निरीक्षण कर रहे थे। इसके पहले सुबह करीब 11.23 में वे बलबतरा गांव के पास हेलीकाप्टर से उतरे तथा सड़क मार्ग से चक्की प्रखंड के अरक पंचायत वार्ड 11 स्थित हेनवा महादलित बस्ती पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां बस्ती वालों द्वारा बनाए गए तालाब को देखा। तालाब देख मुख्यमंत्री काफी खुश हुए। यहां से वे महादलित बस्ती की ओर रुख किए। मुख्यमंत्री ने महादलित बस्ती में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चय के तहत आने वाले गली नली व हर घर नल योजनाओं के जमीनी हकीकत को देखा। इस वार्ड में गली नली की सफाई देख मुख्यमंत्री काफी खुश नजर आए। हेनवा से मुख्यमंत्री कठार पहुंचे। रास्ते में जीविका दीदियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने हाथों उन्हें उपहार भी दिया तथा उनके बनाए उत्पादों अचार, मुरब्बा आदि का निरीक्षण किया।

हेनवा के बाद कठार पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कठार के किसान विनोद कुमार सिंह द्वारा चार एकड़ में जैविक विधि से किए गए केले के बगान को देखा। उन्होंने किसान विनोद से बात की। किसान ने बताया कि वे दूसरी जगह पर 8 एकड़ में पपीते की खेती भी किए है। जिसे सुन मुख्यमंत्री काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने मौके पर उपस्थित पत्रकारों से कहा कि वे शुरू से ही जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि बक्सर में पहले भी अच्छी खेती होती थी। अब



तो यहां के किसान जैविक विधि अपना रहे है। यह अच्छी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य फसलों का उत्पादन भी जैविक तरीके से होना चाहिए। जैविक विधि से उत्पादित खाद्य पदार्थो के सेवन से हमारा स्वास्थ ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल तक कृषि रोड मैप लागू कर लिया जाएगा। इसके लिए वे घुमकर जमीनी हकीकत को देख रहे है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार विमर्श के लिए वे राज्यभर के किसानों को पटना बुलवाने वाले है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा किनारे वर्षो से जैविक कारीडोर को विकसित करने की बातें कही जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि किसान अब खुद पहल कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पढ़े लिखे लोग भी कृषि की ओर मुखातिब हो रहे है। जिसका साकारात्मक असर खेती पर पड़ रहा है।

### बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ का किया दर्शन व पूजन

कठार से निकल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सड़क मार्ग से ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव के दर्शन व पूजन किए। हाल ही में कृषि मंत्री चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान के बाद मुख्यमंत्री के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर पहुंच पूजा अर्चना करना लोगों के लिए चर्चा का विषय बना रहा।

**सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंधः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यात्रा को ले तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हेनवा व कठार गांव के साथ ही रास्ते में जगह जगह दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किए गए थे। मुख्यमंत्री के निजी सुरक्षा गार्ड एक दिन पहले ही कठार व हेनवा के साथ ही बलबतरा में बने हेलीपैड का निरीक्षण कर चुके थे। जिला प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था व सुरक्षा की कमान डीएम अमन समीर व एसपी मनीष कुमार के हाथों में थी।



### मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए मची रही होड़

हेनवा और कठार में मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए ग्रामीणों में होड़ मची रही। मुख्यमंत्री जिस रास्ते से गुजर रहे थे हर तरफ हजारों लोग खड़े थे। न सिर्फ लोगों बल्कि बच्चों में भी उन्हें देखने की ललक रही। हालांकि प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के गुजरने वाले रास्ते की बैरेकेडिंग कराई गई थी। बावजूद लोग बैरेकेडिंग के पास खड़े हो उन्हें देखने के लिए बेताब दिखे। बता दें कि करीब 22 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद नीतीश कुमार का यह पहला चक्की दौरा था। इस कारण भी लोगों में उन्हें देखने को ले उत्सुकता बनी रही। हर जगह बड़ी संख्या में लोग खड़े थे। इसमें महिलाओं भी शामिल थीं। हो भी क्यों नहीं आखिर उनके गांव में पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री का आगमन जो हुआ था।

### पूर्व विधायक दिवंगत दाउद अली के परिजनों से नहीं मिले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कठार पहुंचकर भी अपने पार्टी के पूर्व विधायक तथा सचेतक रहे स्व दाउद अली के घर नहीं पहुंचे। हालांकि दाउद के परिजनों तथा पैतृक गांव के लोगों को उम्मीद था कि वे दाउद अली के घर आ उन्हें पुष्पांजली देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जिस कारण दाउन के परिजनों में निराशा भर गई। पूर्व विधायक के भतीजे अफजल अली ने बताया कि उनके परिवार को पूरा उम्मीद था कि मुख्यमंत्री उनके घर जरूर आएंगे। गांव में भी इस बात की चर्चा हो रही थी। गौरतलब है कि डॉ दाउल अली जदयू के टिकट पर चुनाव जीत विधायक बने थे। एक समय नीतीश कुमार के करीबियों में दाउल अली की गिनती होती थी। लेकिन कुछ वर्ष पहले वे जदयू छोड़ राजद में शामिल हो गए थे। पांच जनवरी को मुंबई में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। उनके निधन से पूरा गांव मर्माहत था।

# मुख्यमंत्री के बक्सर दौरे का केन्द्रीय मंत्री ने थाली पीट कर जताया विरोध

### केन्द्रीय मंत्री बोले–किसानों के हितैशी होते तो बनारपुर जाते नीतीश

**केटी न्यूज/बक्सर**

नीतीश कुमार समस्या कुमार है। वे जहा जाते है पहले वहा समस्याएं खड़ी हो जाती है फिर उससे मुंह मोड़ लेते है। यदि उन्हें किसानों की चिंता रहती तो वे सीधे बनारपुर गए होते। वहां किसानों का दुःख दर्द समझ उसका समाधान करते। लेकिन उन्हें न तो बिहार के विकास की चिंता है और नही किसानों के हित की। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को बक्सर में कही है। इसके पहले केन्द्रीय मंत्री ने थाली पीट तथा मुंह पर काला कपड़ा बांध मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समाधान यात्रा नहीं बल्कि



पिकनीक यात्रा कर रहे है। वे जानबूझकर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को लटका रहे है। जनता का ध्यान बांटने के लिए वे विशेष राज्य का दर्जा मांगते है तथा बेरोजगारी दूर करने की बात कहते है। उन्होंने कहा कि आज हम सब के लिए काला दिवस है। बनारपुर के किसान पिछले 95 दिनों से धरना दे रहे है। उनके आंदोलन में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता परशुराम चतुर्वेदी ने शहादत दे दी। लेकिन मुख्यमंत्री वहा जाना मुनासिब नहीं समझे। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार की नीयत ठीक होती तो आज बिहार देश का सबसे सर्वश्रेष्ठ राज्य होता। दरभंगा एम्स व चौसा पावर प्लांट को भी बिहार सरकार लटकाने का प्रयास पर रही है। उन्होंने कहा कि बक्सर आकर मुख्यमंत्री ने सिर्फ जनता को परेशान किया है। उनके आने से टैजफिक व रेलवे परिचालन तक रोकना पड़ा।

# धरी की धरी रह गई तैयारी डुमरांव नहीं आए मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**

समाधान यात्रा के तहत बक्सर आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के डुमरांव आने की संभावना भी थी। इसके लिए पिछले चार दिनों से कृषि कॉलेज को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा था। कमिश्नर व डीआईजी रैंक के अधिकारी भी यहां का दौरा कर चुके थे।

माना जा रहा था कि वे कृषि कॉलेज में ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। लेकिन अंत समय में समीक्षा बैठक बक्सर में तय हो जाने से वे डुमरांव नहीं आ सके। हालांकि उनके संभावित यात्रा को देखते हुए लाखों रूपए खर्च कर महरौरा पथ का निर्माण भी रातोंरात पूरा कर लिया गया था। मुख्यमंत्री के डुमरांव नहीं आने से शहरवासियों भी निराश हुए।

### समाधान यात्रा जनता के हित में नहीं: ऋषि कांत दुबे

**केसठ।** समाधान यात्रा के तहत जिले में पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा पर लोजपा के जिला महासचिव ऋषिकांत दूबे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि मुख्यमंत्री की यह यात्रा जनता के हित में नहीं है बल्कि इसके सिर्फ राजनीतिक मायने है। मुख्यमंत्री जनता के दुःख दर्द समझने नहीं बल्कि चुनावी रणनीति के तहत आए हैं। ादि उन्हें जनता व किसानों की चिंता होती तो वे चौसा गए होते। उन्होंने कहा कि वे अपनी यात्रा पर सरकारी राशि का दुरूपयोग कर जनता को मुर्ख बना रहे हैं।

## तस्वीरों में समाधान यात्रा



बक्सर में जीविका दीदियों को दिया गया चेक।



कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।



मुख्यमंत्री को देखने के लिए कठार गांव में लगी लोगों की भीड़।

### जीविका से जुड़कर स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो विकास की पटकथा लिख रही हैं दियरांचल की महिलाएं

# दियरांचल में विकास की बयार देख चमकी मुख्यमंत्री की आंखें

- किसानों और जीविका समूह का उत्साहवर्द्धन करते रहे सीएम

**संजीव कुमार दूबे/चक्की**

अब तक पिछड़ा माने जाने वाला दियरांचल का इलाका अब विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। पिछले कुछ वर्षों में इस इलाके के किसानों ने परंपरागत खेती छोड़ उसे प्रौद्योगिकी का समावेश किया है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधर रही है। दशकों से दियरांचल मक्के व सब्जियों के उत्पादन के लिए जाना जाता था। लेकिन अब दियरांचल के किसानों ने जैविक खेती को अपनाना शुरू कर दिया है। इसके अलावे परंपरा से हटकर केले, पपीता, अमरूद, मशरूम आदि का उत्पादन भी किया जा रहा है। किसानों के साथ ही



जीविका से जुड़ दियरांचल की महिलाएं भी अब स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो विकास की पटकथा लिख रही है। कभी घुंघट की ओट से बाहर नहीं निकलने वाली ये महिलाएं बड़ी कुशलता से मुरब्बा, अचार, डलिया जैसे कई अन्य उत्पादों को बनाना सीख गई है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत बनते जा रही है। अमूमन दलित बस्तियों में गंदगी पसरी रहती थी। लेकिन हेनवा की दलित बस्ती में सफाई तथा बच्चों के द्वारा उनके स्वागत में बनाई गई रंगोली खुद सूबे के मुखिया को दंग कर गई। यही नहीं इस बस्ती के एक बच्चें ने तो अपने हाथ से बनाई मुख्यमंत्री की तस्वीर उन्हें भेंट की। दियरांचल में इन सब बदलावों को देख मुख्यमंत्री खासे उत्साहित नजर आ रहे थे। इसके अलावे ग्रामीणों की खेती के प्रति कर्मठता भी उन्हें प्रभावित कर रही थी। चारों ओर फैली हरियाली से मुख्यमंत्री अभिभूत दिखे। उन्होंने कठार में प्रेस वार्ता के दौरान कहा भी कि हमारे बिहार की 75 प्रतिशत आबादी खेती या कृषि कार्य पर आधारित है। उन्होंने दियरांचल में जैविक खेती तथा व्यवसायिक खेती के साथ ही जमीन पर जीविका समूहों के मजबूत होने पर खुशी भी जताई। जाहिर है परंपरागत खेती से आगे निकल दियारावासी प्रौद्योगिकी व स्वरोजगार की प्रेरणा दूसरे क्षेत्र के लोगों को भी दे रहे है। इस बदलाव को देखने के बाद मुख्यमंत्री की चमकती आंखें बिना कहे सबकुछ बयां कर रही थी। वे किसानों और जीविका समूह का उत्साहवर्द्धन भी करते रहे।

## नेपाल विमान हादसाः दिल्ली होकर गाजीपुर आएगा युवकों का शव, परिजन शोकाकुल

# हादसे में मृत दोस्तों की डेड बॉडी लेने नेपाल पहुंचे परिजन, बार्डर सील होने से घंटों करना पड़ा इंतजार

केटी न्यूज/गाजीपुर

नेपाल के पोखरा में हुए विमान हादसे में चारों मृतकों के परिजन नेपाल पहुंच चुके है। जहां परिजनों का डीएनए जांच नेपाल के राजधानी काठमांडू में कराई जायेगी। जिसके उपरांत विमान हादसे में गाजीपुर के चारों युवकों का शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

उधर उपजिलाधिकारी जया सिंह ने बताया कि कासिमाबाद तहसील के सोनू जायसवाल, अनील राजभर, अभिषेक कुशवाहा व विशाल शर्मा का पार्थिव शरीर नेपाल से दिल्ली आएगा। फिर वहां से शवों को उनके घर भेजा जाएगा। एसडीएम जया सिंह ने बताया कि शवों की शिनाख्त हो चुकी है। पोस्टमार्टम काठमांडू में किया जायेगा फिर दिल्ली भेजा जायेगा।

**इंटरनेशनल बार्डर पर 13 घंटे रूका पीड़ित परिवार :** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के बरेसर थाने क्षेत्र के अलावलपुर व चकजैनब गांव के मृतकों का परिवार नेपाल इंडो बार्डर पर कल रात करीब आठ बजे पहुंच गया। लेकिन तब तक नेपाल इंडो बार्डर सील कर दिया गया था। जहां पिड़ित परिवार 13 घंटे तक रूका रहा मंगलवार सुबह करीब 9:30 मिनट पर बार्डर खुलते ही पीड़ित परिवार नेपाल स्वास्थ्य विभाग के साथ काठमांडू के लिए रवाना हो गये। जहां डीएनए जांच कर शवों की पहचान की जायेगी उसके बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जायेगा। तत्पश्चात परिजन शवों को लेकर भारत लौटेगें।



मृत युवकों के परिजन से मुलाकात करते स्टांप एवं निबंध मंत्री, डीएम, एसपी व अन्य

**12 जनवरी को नेपाल भ्रमण पर गये थे चारों दोस्त :** बताया जाता है कि सोनू जयसवाल, अनील राजभर, अभिषेक कुशवाहा व विशाल शर्मा चारों बचपन के दोस्त बारह जनवरी को नेपाल भ्रमण पर गये हुए थे। अब इनके परिवार के लोग आखों में आंसू लिए इनके शवों का इंतजार कर रहे है। इन चारों मृतकों के परिवार के साथ गांव में भी मातम पसरा हुआ है। हर तरफ रोने की आवाजें आती है। किसे चुप कराया जाय किसे समझाया जाये कुछ समझ में नहीं आता है। वहीं ग्रामीणो के आखों में भी आंसू है।

**हादसे का वीडियो हुआ था वायरल :** विमान हादसे का वीडियो भी वायरल हुआ था । विमान हादसे से पहले सोनू जयसवाल अपने फेसबुक पर लाइव था। जिस समय

### ■ काठमांडू में कराई जाएगी परिजनों की डीएनए जांच फिर पोस्टमार्टम कर सौंपी जाएगी बॉडी

ये हादसा हुआ उससे कुछ समय पहले सोनू अपने साथियों संग फेसबुक पर लाइव था तभी अचानक विमान हादसा हो गया।

**हादसे की खबर सोनू की पत्नी को नही :** सोनू जयसवाल, अनिल राजभर,अभिषेक कुशवाहा व विशाल शर्मा के घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है । यहां तक की चारों मृतकों के घर कोई फोन भी नहीं चला रहा है ।क्यो की हर तरफ विमान हादसे की खबरे व इन चारों दोस्तों की फोटोज चल रही है । वहीं जब सोनू की पत्नी ने खबर सुनी तो वो बेहोश हो गई । तब सोनू की पत्नी से झुठ बोला गया है की सोनू को मामूली चोटें आई है । अगर सोनू की पत्नी को इस घटना का पता चला तो बर्दाश्त नहीं कर पायेगी । वहीं सोनू के दो मासूम बच्चे है अब इन मासूमों को क्या पता की अब उनके पापा वापस नहीं आयेंगे।

**सोनू ने तिरूपति बालाजी में पुत्र के लिए मांगी थी मन्नत :** सोनू जायसवाल के दोस्तों ने बताया की सोनू जायसवाल पुत्र प्राप्ति के लिए मन्नत मांगा था । मन्नत पूरी होते ही सोनू जयसवाल अपना परिवार व मित्रों के साथ तिरुपति बालाजी गया हुआ था । सोनू को जानने वालों ने बताया की सोनू व अनिल अच्छे दोस्त थे । तिरुपति बालाजी में सोनू के साथ अनिल भी अपना मुंडन कराया था।

### सोनू व अनील में जय-वीरू जैसी थी दोस्ती



ग्रामीणों से वार्ता करते स्टांप एवं निबंध मंत्री व डीएम

सोनू जायसवाल व अनिल राजभर में जय वीरु जैसे दोस्ती थी। सोनू व अनील राजभर बचपन के दोस्त थे। ग्रामीणों ने बताया की सोनू और अनील राजभर बचपन से ही साथ थे। किसी भी मुसीबत में ये दोनों साथ खड़ा रहते थे।

### अनील की मां की रूक नहीं रहे आंसू

नेपाल विमान हादसे मृत्यु अनिल राजभर की मां की आंसू रूक नहीं रहा। अनिल की रोते हुए बताती है, की पहली बार बेटा जाने से पहले मुझे नहीं बताया। इससे पहले वो जब भी कही जाता था तो मुझे बता कर जाता था। अब मेरा बेटा कभी भी वापस नहीं आयेगा। अनिल की मां रोते हुए बताया की मेरा बेटा बड़ा भले हो गया था। लेकिन मेरे गोद में ही सोता था। अब मेरे गोंद में कौन सोयेगा ये कहते ही सोनू की मां बेहोश हो जा रही है।

### अनील की मां की आखरी ख्वाहिश नहीं हुई पूरी

अनील की शादी करने का मां का सपना पूरा नहीं हो पाया भगवान ने निर्दयता दिखाते हुए अनील को अपने पास बुला लिया। उसकी मां कहती है की सोचा था कि जब बेटा वापस आयेगा, तो उससे शादी की बात करूंगी। लेकिन अब मेरा बेटा कभी भी वापस नहीं आयेगा।

### घर का खर्च चलाता था विशाल

नेपाल विमान हादसे में अनील सोनू के दोस्त विशाल शर्मा जब से नौकरी कर रहा था । पूरे परिवार का खर्च चलाता था । पीड़ित परिवार ने बताया कि विशाल पहली बार विमान में बैठा था । विशाल को क्या पता जिस विमान में वो पहली बार बैठा है वो विमान उसकी आखिरी होगी । विमान में सवार सभी सदस्यों को क्या पता जिस विमान में बैठ वो सफर कर रहे है। वो सफर उनकी आखरी सफर होगी ।

## एक नजर

### कुएं से मिला वृद्ध महिला का शव, सनसनी



**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासिनी 65 वर्षीय महिला का शव बुधवार को गांव के दच्छिण स्थित एक कुंआ से निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी स्व. रामापति की 65 वर्षीय पत्नी रेश्मी देवी पिछले आठ दिनों से लापता थी, परिजनों ने गांव से लेकर रिस्तेदारों के यहां भी ढूंढने का काफी प्रयास किया नहीं मिली तो उसके पुत्र जवाहर यादव ने 17 जनवरी को स्थानीय पुलिस के यहां गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर भी दिया था। बुधवार की शाम कुंआ से दुर्गंध आने पर कुछ लोगों ने देखा और शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया जिसकी शिनाख्त रेशमी देवी पत्नी स्व रामापति यादव परसिया के रुप में हुआ। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मृतका कुछ विक्षिप्त अवस्था में थी कल उसका पुत्र गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए आया जो दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया गया है।

### 60 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब लदी बोलेरो जब्त



**बलिया।** जनपद के बांसडीह कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 60 पेटी शराब के साथ एक बोलेरो वाहन भी बरामद किया है। हालांकि तस्कर भागने में सफल हो गए। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक बोलेरो से शराब अवैध तस्करी के लिए बिहार ले जायी जा रही है। पुलिस ने सूचना पर विश्वास कर वाहन को पकड़ने का जुगाड़ बनायी। पुलिस को शराब पकड़ने में तो सफलता प्राप्त हुई पर तस्कर भागने में सफल रहे। शराब 60 पेटी यानी 2880 शीशी बरामद हुई है।जिसकी कीमत गाड़ी सहित लगभग दस लाख रुपये बताई जाती है। पुलिस ने शराब व गाड़ी को 60(1)/72 आबकारी अधिनियम व 207 एमवी एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह,एसएसआई ज्ञानचंद शुक्ला, धीरज मौर्या, पंकज यादव और सर्वेश पांडेय शामिल रहे।

### अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक



**बलिया।** जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर संस्थान में बहुजन समाज पार्टी के हीरालाल कौशल सेक्टर प्रभारी मंडल आजमगढ़ ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया। साथ ही, उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल में ही पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और जन्मदिन में आए हुए सारे अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने उन लोगों को निवेदन किया कि एक गांव चलो अभियान के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। जिससे कि अगामी 2024 मे बहुजन समाज पार्टी को भी एक अलग दर्जा मिले। इस दौरान अजय कुमार, कृष्ण कुमार भारती, धनजी भारती, प्रभात चंद्र बोध, लालमोहन व दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### समीक्षा बैठक में बीडीओ ने जताई नाराजगी



**मऊ।** कोपागंज विकासखण्ड के प्रांगण में बुधवार को खंडविकास अधिकारी ने सचिव संग बैठकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उनहोंने कार्यों को जल्द पूरा करने का आदेश दिया।वहीं, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा। लक्ष्य को जल्द पूरा किया जाए, नहीं तो संबंधित को कारण बताओ नोटिस जल्द भेजी जाएगी। ब्लॉक के प्रांगण में बुधवार को आवास की समीक्षा बैठक में खंडविकास अधिकारी हरिमोहन सिंह ने सचिवों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष 195 लाभार्थियों के प्रधानमंत्री आवास का पैसा आ गया है। जल्द लाभार्थियों के खाते मर भेजा जाय। वहीं मुख्यमंत्री आवास की दूसरी किस्त भी जांच कर लाभार्थियों को भेज दिया जाए। वहीं आयुष्मान कार्ड के लिए अंत्योदय कार्ड धारक, मुख्यमंत्री गरीब योजना तथा 2011 की सूची के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनना है। अभी 35 से 40 प्रतिशत ही कार्ड बना है। जिसको लेकर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि ऐसे काम नही चलेगा।जल्द लक्ष्य निर्धारण को देखते हुए लाभार्थियों के कार्ड बनाने के लिए डाटा फिट किया जाय। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विजय शंकर सिंह, सचिव विवेकमणि यादव, आयुष शाही, शाहिद हुसैन, अरबिंद यादव, राजेश कुमार,सहित सभी सचिव और ब्लॉक कर्मचारी मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लाडनपुर के माफी में बुधवार की दोपहर अज्ञात चोरों ने दुर्गा मंदिर में घुसकर चांदी का छत्र चुरा कर लेकर चले गए। मंदिर के पुजारी जब मंदिर में पहुंचे तो छत्र गायब देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल 112 डायल पर पुलिस को सुचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गयी है। बताते चले की कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लाडनपुर के पुरवा माफी में दुर्गा मंदिर है। बुधवार की सुबह प्रतिदिन की भांति पुजारी जवाहिर पंडित द्वारा पूजन आदि करके लगभग 11 बजे मंदिर का दरवाजा बंद कर घर चले गए थे। करीब तीन बजे वापस आये तो मंदिर का दरवाजा खुला देख चौक गए। जब अंदर जाकर देखा तो लगभग आधा किग्रा दुर्गा जी की चांदी का छत्र गायब था। छत्र गायब होने के बात आसपास के ग्रामीणों को बताते हुए तत्काल पुलिस को सुचना दिया। मौके पर तत्काल थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा अपने दल बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द चोरी करने वाला सलाखों के पीछे होगा

# महज पेंशन नहीं, बल्कि बुढ़ापे का सम्मान है पुरानी पेंशन योजनाः डॉ. राम विलास

केटी न्यूज/मऊ

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उ.प्र. के प्रांतीय आह्वान और प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन का लाभ न दिए जाने एवं वित्त नियंत्रक प्रयागराज द्वारा जबरन नई पेंशन योजना लागू करने के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ. रामविलास भारती की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नामित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिंह एवं वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) उमाशंकर सिंह को दिया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (एनपीएस) मात्र पेंशन नहीं है, बल्कि यह बुढ़ापे का सम्मान है। हमें एनपीएस नहीं, बल्कि ओपीएस चाहिए, इसलिए समाज एवं शिक्षक हित में एक अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाना नितांत आवशक है। डॉ. भारती ने कहा कि नई पेंशन योजना जबरन शिक्षकों पर लागू न किया जाए। वित्त



निरीक्ष

नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र के माध्यम से बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है। और न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं, जो बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद यादव ने कहा कि वित्त नियंत्रक अपना पत्र वापस लें। एनपीएस योजना 01अप्रैल 2005 में लागू की गई थी, जो कि स्वैच्छिक है। इसे अनिवार्य करना तानाशाही है। ओ. पी. चंद्रा ने कहा कि नई पेंशन योजना हेतु 17 वर्षों बाद इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है। ममता पाण्डेय ने कहा कि वित्त नियंत्रक के इस तानाशाही पूर्ण आदेशों से प्रदेश का बेसिक शिक्षक आक्रोशित है। प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि पुरानी पेंशन कई राज्यों में लागू हो चुकी है और सभी विभाग के लोगों को एकमत होकर इस लड़ाई को धार देना होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनवारूल हक ने किया। इस अवसर ओपी चंद्रा, तपेश्वर राम, प्रवीण श्रीवास्तव, ममता पाण्डेय, प्रेमलता यादव, रिजवान अहमद, अनुज कुमार, संदीप कुमार, दिनेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, शिवशंकर राम, विजय कुमार, रामानंद यादव, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**बलिया।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्तू पांडेय रेलवे क्रांसिग के समीप बुधवार की दोपहर मालगाड़ी के चपेट में आकर एक अज्ञात साठ वर्षीय वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। आपको बताते चले कि रोडवेज बस स्टैण्ड से उतरकर शहर की ओर जा रही थी। क्रांसिग गिरा हुआ था जिसे पार करने के दौरान मालगाड़ी के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे लोग अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज में गिरते लिंगानुपात को रोकने एवं बेटियों को समाज में गौरवपूर्ण स्थान दिलाए जाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्राचार्य प्राध्यापक, अधिकारीगणों एवं कर्मचारीगणों, छात्रों के द्वारा भी हस्ताक्षर किया गया। वहीं, अपील की गई कि लड़कियों में कोई भेदभाव न करते हुए बेटियों को भी समानता का अधिकार दिया जाए। छात्राओं को बताया गया कि महिलाओं को पुरूषों के समकक्ष समझा जाए, बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए और बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। लिंग भेदभाव व महिलाओं के विरूद्ध हो रही हिंसा को समाप्त करने के लिए आपातकालीन टोल फ्री नं0 जैसे 181, 1090, 112, 1098, 1076 आदि के बारें मे भी जानकारी दी गई।

### लूटपाट के दौरान बदमाशों की गोली से युवक घायल, एक गिरफ्तार और दूसरा फरार

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाने के ग्राम मौरा में मंगलवार की रात घर में लूटपाट करने आए बदमाशों ने तमंचा से फायर कर दिया। जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह वाकया तब हुआ जब बदमाशों ने एक घर को निशाना बनाकर उसमें लूटपाट करने की कोशिश की, तभी लोग जग गए और शोर मचाने लगे। उधर गोली से घायल राशिद जमाल ने एक लुटेरे को पकड़ लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने उसे घेरकर दबोच लिया। शेष बदमाश भागने में कामयाब रहे। गोली से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए गाजीपुर से वाराणसी ले जाया गया। बताया जाता है कि जबे बदमाश लूट को अंजाम देने लगे। तभी लोग नींद से जग गए। घर के अंदर घुसे लुटेरों को जब इसकी भनक लगी, तो वह घर से निकल कर बाहर कूदकर भागने लगे। इस बीच सामने खड़े राशिद जमाल एक बदमाश को पकड़ने के लिए दौड़े, तो उसने उनके ऊपर तमंचा से फायर कर दिया। इससे निकली गोली राशिद जमाल के बाएं हाथ के ऊपरी भाग में जा लगी। इसके बावजूद राशिद जमाल लुटेरे को पकड़ने में कामयाब हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस अपराधी को गिरफ्तार कर जांच में जुट गई।

### रोजगार मेले का आयोजन

**गाजीपुर।** राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य ने बताया कि 21 जनवरी को तुलसीपुर में राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न कंपनिया प्रतिभाग करेंगी। अभ्यर्थी रोजगार मेला में प्रतिभाग करने के लिए अपने समस्त शैक्षिक योग्यता व आईटीआई के मूल प्रमाण पत्रों में प्रत्येक प्रमाण पत्र की दो-दो छायाप्रति के साथ मेले में हिस्सा लेंगे। इसके लिए कोई भी यात्रा भत्ता या अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

## किसानों को अनुदान पर पीएम किसान ऊर्जा सुरक्षा और के तहत सोलर पम्प का मिलेगा लाभ

# कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराएंः डीएम

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अधिकारियों के साथ किसान मेले में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी। बैठक में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने बताया कि पहले आओ-पहले सोलर पम्प पाओ योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प पाने का स्वर्णिम अवसर विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com पर 21 जनवरी 2023 को पूर्वान्ह से विभिन्न क्षमतावार प्राप्त लक्ष्य 86 के सापेक्ष लक्ष्य पूर्ण होने तक ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। सोलर पम्प में आवेदन की पात्रता के लिए योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का विभागीय बेवसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। अनुदान पर सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग के लिए विभागीय वेवसाइट पर अनुदान पर सोलर पम्प बुकिंग करें। लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। कृषकों की बुकिंग जनपद के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत

- जिलाधिकारी ने किसान मेले में अधिकारियों के साथ की बैठक
- कृषि योजनाओं की ली जानकारी

तक पहले आओ-पहले पाओ के सिद्वान्त पर की जाएगी। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000/- टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कंफर्म करने से एक सप्ताह के अन्दर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में




बैठक में शामिल डीएम, अधिकारी व कृषक

अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी। अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जाएगा और टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जाएगी। दो एचपी के लिए चार इंच, तीन एवं पांच एचपी के लिए छह इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी के लिए आठ इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक को स्वयं करानी होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जाएगी एवं आवेदन निरस्त हो जाएगा। प्रदेश में सिंचाई के लिए विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयोग किए जा रहे डीजल पम्प अथवा अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकेगा। दोहित एवं अतिदोहित क्षेत्रों में नए सोलर पम्पों की स्थापना नहीं की जाएगी। लेकिन यदि कृषक सूक्ष्म सिंचाई तकनीक का प्रयोग करें तो पूर्व से स्थापित डीजल पंप सेटों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकता है।